मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 522/2025
12 सितंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची*
====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने की मुलाकात, कोल माइंस से जुड़े विषयों/ मुद्दों तथा उसके समाधान को लेकर हुई चर्चा
====================

◆ मुख्यमंत्री और केंद्रीय कोयला मंत्री की उपस्थिति में राज्य सरकार तथा कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर हुई चर्चा
====================

खनिज रॉयल्टी, कोल माइंस के लिए जमीन अधिग्रहण, रैयतों को मुआवजा और नौकरी, विस्थापितों के पुनर्वास डीएमएफटी- सीएसआर फंड के इस्तेमाल और कोल परियोजनाओं के ऑपरेशनल करने में आ रही अड़चनों को लेकर बैठक में विस्तार से हुई चर्चा
==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- केंद्र और राज्य सरकार के बीच आपसी सहयोग से ही कोल माइंस से जुड़े समस्याओं का होगा समाधान, खनन क्षेत्र को क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए मिलकर करना होगा प्रयास
=================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य सरकार के अधिकारियों तथा कोल मंत्रालय एवं कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान राज्य में कोल माइंस से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों/ मुद्दों पर विचार- विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कोल माइंस के मुद्दे पर राज्य सरकार का पक्ष रखा, वहीं केंद्रीय कोयला मंत्री ने कोल खनन परियोजनाओं को लेकर आ रही समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग से ही कोल माइंस से जुड़े समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र को क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

इन विषयों को लेकर हुई चर्चा, सकारात्मक कदम उठाने पर बनी सहमति

मुख्यमंत्री और कोयला मंत्री की उपस्थिति में अधिकारियों के बीच हुई बैठक में खनिजों पर मिलने वाली रॉयल्टी, विस्थापितों का पुनर्वास, नौकरी और मुआवजा, खनन क्षेत्र और आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को रोजगार, खनन कार्य पूरा हो चुके जमीन की वापसी, खदानों में अवैध खनन की वजह से हो रहे हादसों पर नियंत्रण को लेकर सुरक्षा मानकों के पालन, कोल परियोजनाओं के ऑपरेशनल करने में आ रही अड़चनों का समाधान तथा डीएमएफटी और सीएसआर फंड के इस्तेमाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, केंद्रीय खनन मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी श्री संजय लोहिया, केंद्रीय कोयला मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी श्री सनोज कुमार झा, राज्य सरकार में राजस्व विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव श्री अरवा राजकमल, निदेशक खान एवं भूतत्व श्री राहुल सिन्हा, कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी श्री मनोज अग्रवाल, हिंदुस्तान कॉपर के सीएमडी श्री संजीव कुमार सिंह, केंद्रीय कोयला मंत्री के पीएस श्री पंकज जैन समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

###

==============

TeamPRD(CMO)